39/रा.भा./04/2016/रा.अ.रि.ब्यूरो
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो

पूर्वी खण्ड-7, रा.कृ.पुरम,
नई दिल्ली-110066
दिनांक : 09.05.2016

सेवा में,

राजभाषा अधिकारी,

समस्त सदस्य कार्यालय,

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (दक्षिण दिल्ली)

विषय:हिंदी सलाहकार समिति के दिशा-निर्देशों के अनुपालन के संबंध में।

महोदय / महोदया,

हाल ही में संसदीय कार्य मंत्री की अध्यक्षता में ली गई हिंदी सलाहकार समिति की बैठक के दौरान माननीय सांसद एवं संसदीय राजभाषा समिति के एक सदस्य ने यह टिप्पणी की थी कि समिति ने अपनी निरीक्षण बैठकों में यह पाया है कि विशेषकर 'क' क्षेत्र में कार्य करने वाले हिंदी भाषी अधिकारी एवं कर्मचारी हिंदी में प्रवीण होने के बावजूद राजभाषा कार्यान्वयन के प्रति उदासीन प्रतीत होते हैं जबकि हिंदीतर भाषी क्षेत्रों में स्थानीय कार्मिक राजभाषा का बेहतर कार्यान्वयन कर रहे हैं।

चूंकि आपका कार्यालय 'क' क्षेत्र में आता है इसलिए आप सभी राजभाषा द्वारा निर्धारित लक्ष्यों (हिंदी पत्राचार 100% तथा हिंदी टिप्पण 75%) को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर रहें तथा प्रयासों में गंभीरता बरतें।

(आई.डी. शुक्ला)
उप निदेशक(प्रशासन)